कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 30-10-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा रिटायर्ड डीजी स्व0 सुबेश कुमार सिंह, आई.पी.एस. 1984 बैच के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजली अर्पित कर शोक सलामी दी गई।

पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा रिटायर डीजी स्व0 सुबेश कुमार सिंह, आई.पी.एस. 1984 बैच के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजली अर्पित कर शोक सलामी दी गई। उत्तर प्रदेश पुलिस में डीजी पद से रिटायर्ड पूर्व आई.पी.एस. स्व0 सुबेश कुमार सिंह का दिनांक 29.10.2024 को लखनऊ स्थित उनके आवास पर निधन हो गया था, वो कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। जिनका अन्तिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। आज दिनांक 30.10.2024 को रिजर्व पुलिस लाईन कमिश्नरेट वाराणसी में पुलिस आयुक्त श्री मोहित अग्रवाल ने दिवंगत स्व0 सुबेश कुमार सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजली दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजन को वियोग सहन करने के लिए शक्ति देने की प्रार्थना की। कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस द्वारा पार्थिव शरीर को शोक सलामी दी गई। तदोपरान्त पार्थिव शरीर को मणिकर्णिका घाट ले जाया गया जहाँ अन्तिम संस्कार किया गया। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी श्री पीयूष मोर्डिया, संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ0 के0 एजिलरसन, पुलिस महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र वाराणसी श्री मोहित गुप्ता, अपर पुलिस आयुक्त श्री एस. चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त लाइन श्री हृदेश कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।